## कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02025 / विज्ञप्ति 06 / 660-65 / 2025–26 दिनांक 30 दिसम्बर 2025

**: द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2025 परीक्षाफल सम्बन्धी सूचना :**

### विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02025 / विज्ञप्ति 01 / 326–330 / 2025–26 दिनांक 06 सितम्बर 2025 एवं पत्रांक उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02025 / विज्ञप्ति 04 / 455–460 / 2025–26 दिनांक 07 नवम्बर के द्वारा दिनांक 22 नवम्बर 2025 को आयोजित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम (योग्यता / चयन सूची) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र / ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर तैयार कर घोषित किया जा रहा है। **योग्यता / चयन सूची नितान्त औपबंधिक है।**

जिन अभ्यर्थियों के नाम योग्यता / चयन सूचियों में अंकित हैं वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे इस परीक्षा हेतु जारी शासनादेशों एवं डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2025 : सूचना विवरणिका में अंकित समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हों। किसी अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र / ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में त्रुटिपूर्ण / गलत तथ्यों को अंकित करने के कारण उसका नाम योग्यता / चयन सूची में आने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी का परीक्षाफल निरस्त कर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं होगी।

प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा काउंसिलिंग का आयोजन किया जायेगा। काउंसिलिंग के समय एस0सी0ई0आर0टी0 द्वारा अभ्यर्थी के मूल अभिलेखों से अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गयी सूचनाओं का मिलान / सत्यापन कर जनपद आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा काउंसिलिंग हेतु तिथियों का निर्धारण कर चयनित अभ्यर्थियों को यथासमय इसकी सूचना दे दी जायेगी।

चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं विस्तृत दिशा–निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/D.El.Ed टैब पर उपलब्ध हैं। परिषद् की वेबसाइट www.ukdeled.com पर जाकर अभ्यर्थी दिये गये निर्देशानुसार अपने प्राप्तांकों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

30/12/2025

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)।